बिहार सरकार,
बिहार कौशल विकास मिशन,
श्रम संसाधन विभाग

आदेश

राज्य सरकार के 7 निश्चयों में से एक "आर्थिक हल, युवाओं को बल" के अधीन कुशल युवा कार्यक्रम के संचालन हेतु कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों की पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी थी, जिसके आधार पर M/s कृष्णा ड्रीम इन्फोटेक को पूर्णिया जिलान्तर्गत कौशल युवा केन्द्र KYP code 07040024 आवंटित किया गया था।

उक्त केन्द्र के संबंध में जिला कौशल प्रबंधक,पूर्णियाँ से दिनांक-22.05.2018 को प्राप्त प्रतिवेदन जिसमें केन्द्र के संचालक के विरूद्ध केन्द्र में कार्यरत महिला सहकर्मी का अश्लील विडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का उल्लेख किया गया है, जिसके कारण दिनांक-22.05.2018 को उक्त केन्द्र का नामांकन ब्लॉक कर दिया गया था।

M/s Krishna Dream Infotech पूर्णियाँ SDC KYP code 07040024 से बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा स्पष्टीकरण पूछा गया था। पूछे गये स्पष्टीकरण के आलोक में संस्था के द्वारा अपना जवाब बिहार कौशल विकास मिशन को उपलब्ध नहीं कराया गया है। फलस्वरूप संस्था को स्मार पत्र दिया गया। संस्था को स्मार पत्र दिये जाने के बावजूद संस्था के द्वारा अपना जवाब बिहार कौशल विकास मिशन को उपलब्ध नहीं कराया गया।

संस्था के उक्त कृत से स्वतः स्पष्ट है कि संस्था को इस संबंध में कुछ भी नहीं कहना है।

अतएव M/s Krishna Dream Infotech को उन्हें आवंटित SDC KYP code 07040024 जिला- पूर्णियाँ का आवंटन स्थायी तौर पर रद्द किये जाने का आदेश दिया जाता है।

प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है ।

(चन्द्रशेखर सिंह)
अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन ।

ज्ञापांक-BSDM/SDM-18/2017(खण्ड-1)-724 पटना, दिनांक- 19/10/2020

प्रतिलिपि- **(1)** M/s Krishna Dream Infotech को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

(2) संबंधित जिला नियोजन पदाधिकारी/ जिला कौशल प्रबंधक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(3) मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(4) Project Director, MKCL/Project Director,E&Y को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(5) मिशन प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/ सहायक निदेशक, नियोजन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(6) प्रधान सचिव सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,श्रम संसाधन विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित। ।

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन ।